प्रौद्योगिकी विवि में 10 अप्रैल से शुरू होंगे प्रोविजनल एडमिशन

देहरादून (एसएनबी)। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की काउंसिलिंग बोर्ड की बैठक में कई निर्णय लिए गये। इसके तहत 10 अप्रैल से सत्र 2024-25 के लिए प्रोविजनल प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

सोमवार को कुलपति प्रो.ओंकार सिंह की अध्यक्षता में काउंसलिंग बोर्ड की आयोजित की गई। बैठक में यूटीयू परिसर, कालेजों व संबद्ध संस्थानों में संचालित बीटेक, बीफार्मा, बीएचएमसीटी, बीबीए, बीसीए, एमटेक, एमफार्मा, एमबीए, एमबीए इंटीग्रेटेड, एमएचएम, पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, बीए एलएलबमी, बीबीएएलएलबी, एलएलबी व एलएलएम पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष व लेटरल एंट्री (द्वितीय वर्ष) में एडमिशन पर चर्चा की गई। इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा पिछले साल की भांति स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश युनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से सिंगल विंडो सिस्टम व्यवस्था के पूर्ण किया जाएगा। इसके तहत प्रोविजनल प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू की जाएगी।